दिन—शुक्रवार दिनांक— 02/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, मुंगेर और बेगूसराय जिले में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, भागलपुर, जमुई और खगड़िया जिले में बहुत भारी बारिश की आशंका को देखते हुये ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा कटिहार, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। विभाग ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी सम्भावना है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवादा के काशीचक में सबसे अधिक बयासी दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि नीट—यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस में बड़े पैमाने पर पेपर लीक की घटना नहीं हुई। पेपर लीक का मामला केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित रहा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि परीक्षा के आयोजन में सिलसिलेवार गड़बड़ियां नहीं मिली हैं। पीठ ने कहा कि सरकार को छात्रों के हित में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए की कमियों को जल्द से जल्द दूर कर लेना चाहिए। इसके अलावा पीठ ने एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनायी गयी समिति से नीट परीक्षा के लिए एसओपी तैयार करने को भी कहा। इस कमिटी से तीस सितम्बर तक रिपोर्ट मांगी गयी है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन राष्ट्रपति भवन में शुरु हो गया है। यह राष्ट्रपति के संचालन में राज्यपालों का पहला सम्मेलन है और सभी राज्यों के राज्यपाल इस बैठक में भाग ले रहे हैं। उप—राष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मेन्द्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव और डॉक्टर मनसुख मांडविया भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक की कार्यसूची में तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार, विश्वविद्यालयों की मान्यता तथा जनजातीय क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों और

सीमावर्ती इलाकों के विकास का मुद्दा शामिल है। इसके अलावा माई भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक वृक्ष मां के नाम और प्राकृतिक खेती जैसे कई अभियानों में राज्यपालों की भूमिका पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सहित कईं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार–विमर्श होगा।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने वर्ष दो हजार उन्नीस से अब तक कुल नौ हजार नौ सौ बाईस संदेशों को फर्जी खबर के रूप में उजागर किया गया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।

———————————————————————————

वर्तमान में देश के पंचानवे प्रतिशत से अधिक गांवों में 3जी या फोर–जी मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ इंटरनेट की पहुंच है। संचार मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अप्रैल तक लगभग छह लाख चौवालीस हजार गांवों में से छह लाख तेरह हजार गांवों में इंटरनेट सेवा पहुंच चुकी है। देश में कुल पंचानवे करोड़ चौवालीस लाख इंटरनेट सब्सक्राइबर्स में से उनतालीस करोड़ तिरासी लाख से अधिक ग्रामीण इलाकों से हैं।

———————————————————————————

नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत कागजी मोहल्ले में ताड़ का एक पेड़ टूटकर मोटरसाईकिल सवार दो युवकों पर गिर गया। इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

सहरसा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र के नवटोलिया में अपराधियों ने भूमि में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक को दस गोलियां मारी गयी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।